Thirteenth Loksabha

Session : 9
Date : 26-04-2002

Participants : Rawat Prof. Rasa Singh

Title: Need to restore communal harmony in Rajasthan.

प्रो. रासा सिंह रावत (अजमेर) : सभापति महोदय, राजस्थान में वर्तमान कांग्रेस सरकार बहुसंख्यक वर्ग के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। गोधरा कांड के बाद जब भारत बंद हुआ था तो राजस्थान भी बंद हुआ था। सफल राजस्थान बंद से बौखला कर राजस्थान की कांग्रेस सरकार ने साम्प्रदायिक तनाव पैदा करने के लिए कई स्थानों पर स्थिति को ढंग से नहीं संभाला। परिणामस्वरूप अजमेर जिले के किशनगढ़ में एक व्यक्ति पुलिस की गोली से मारा गया और दूसरा व्यक्ति मरणासन्न हो गया जिसे सवाई मानसिंह अस्पताल जयपुर में भर्ती कराना पड़ा। वहां सैंकड़ों व्यक्तियों की पुलिस द्वारा निर्मम पिटाई की गई। डूंगरपुर जिले के सीमलवाड़ा कस्बे में भी पुलिस की गोली से मौके पर ही एक आदिवासी व्यक्ति की मौत हो गई तथा दो व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गए। राज्य सरकार ने अल्पसंख्यकों के वोट बैंक को अपनी ओर करने के लिए बहुसंख्यकों को ही गोली से मारा। इसी प्रकार सवाई माधोपुर जिले के गंगापुर सिटी में 25 मार्च को मोहर्रम के दिन तीन व्यक्ति पुलिस की गोली से मारे गए। इसे लेकर वहां के लोगों में अभी तक असंतोा है। परसों 50 हजार लोग इकट्ठे हुए। उस दिन गंगापुर शहर बंद रहा। पाली जिले के लांबिया और कुशालपुरा कस्बे तथा जोधपुर जिले के पीपाड़ कस्बे में सैंकडों लोगों को गिरफ्तार किया गया। इससे पूर्व ब्यावर, सरवाड़, उदयपुर आदि स्थानों पर भी साम्प्रदायिक तनाव की घटनाएं घटीं।

सभापति महोदय : यह स्थानीय मामला है।

प्रो. रासा सिंह रावतः राज्य सरकार को कहा जाए कि वह किसी वर्ग के साथ सौतेला व्यवहार न करे। इसके साथ मैं कहना चाहूंगा कि नियम 184 के अन्तर्गत राजस्थान की वर्तमान स्थिति पर चर्चा की जाए।

SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI : Sir, '184' has become a virus to them. What can I do? … (*Interruptions*)